Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to give compensation to farmers affected by heavy hailstorm in North Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान उत्तर बिहार में हुई भार की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं ।

महोदय, विगत 5 फरवरी को मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिले सहित उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई है, जिससे किसानों की हजारों हेक्टेयर भूमि में लगे रबी फसलों, जैसे मसूर, गेहूं, मक्का, अरहर, सरसों आदि फसलों की भारी क्षति हुई है तथा बारिश के दौरान वज्रपात से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, जिनमें मेरे क्षेत्र के पकड़ीदयाल प्रखंड में भी तीन लोगों की इस आपदा से मौत हो गई । इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की कमर तोड़ दी है । ऐसी परिस्थिति में किसानों को सरकार से तत्काल राहत की आवश्यकता है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली इस सरकार की प्राथमिकता भी किसानों एवं गरीबों का कल्याण है । अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिलों में बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कराते हुए लोगों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराई जाए ।